प्रेस विज्ञप्ति दिनांक: 25 जुलाई 2022

**जून** 2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

## प्रमुख विशेषताएं - तिमाही 1 – वित्त वर्ष’23

- बैंक ने जून'21 के ₹ 206 करोड़ शुद्ध लाभ की तुलना में **14.08%** की वृद्धि के साथ चालू तिमाही के दौरान **₹235** करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया.
- तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) जून'22 के अंत में सुधार के साथ **₹ 2142** करोड़ हो गई, जो जून'21 के अंत में ₹ 2127 करोड़ थी, यह वार्षिक आधार पर **₹ 15** करोड़ **(0.71 %)** की वृद्धि दर्ज करती है.
- तिमाही के लिए परिचालन लाभ जून'21 के ₹ 1232 करोड़ से घटकर जून'22 में **₹ 1221** करोड़ हो गया है. पिछले वर्ष के आंकड़ों की तुलना में यह कमी ₹ 132.80 करोड़ निवेशों के पुनर्मुल्यन के लिए प्रावधान के कारण हुई.
- सकल अग्रिमों में वार्षिक आधार पर ₹ **19419** करोड़ ( **11.08 %)** की वृद्धि हुई और यह जून'22 में ₹ **194648** करोड़ हो गया**,** जबकि जून'21 में यह ₹175229 करोड़ था.
- शुद्ध एनपीए वार्षिक आधार पर 5.09% से घटकर **3.93%** हो गया, जो **116** बीपीएस का सुधार दर्शाता है.
- जून'22 की स्थिति के अनुसार पीसीआर **86.61 %** है, जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में यह 84.28% था, जो **233** बीपीएस का सुधार दर्ज करता है.

## व्यवसाय विशेषताएं

- बैंक का कुल व्यवसाय जून’21 के ₹ 506712 करोड़ की तुलना में वार्षिक आधार पर ₹ 30597 करोड़ (6.04%) की वृद्धि दर्ज करते हुए जून’22 में ₹ 537309 करोड़ रहा.
- जून'22 में कुल जमाराशि में ₹ 11178 करोड़ की वृद्धि के साथ ₹ 342661 करोड़ हो गई है**,** जबकि जून'21 के अंत में यह ₹331483 करोड़ थी**,** जो वार्षिक आधार पर 3.37 % की वृद्धि को दर्शाती है.
- कासा जमाराशियां ₹ **11864** करोड़ की वृद्धि के साथ ₹ **174562** करोड़ हो गई है जो कि वार्षिकआधार पर **7.29 %** की वृद्धि दर्शाती है. कुल जमा में कासा का हिस्सा जून **2021** के अंत में **49.20 %** से बढ़कर जून**, 22** के अंत में **51.15 %** हो गया है.

## संपत्ति की गुणवत्ता

- सकल एनपीए वार्षिक आधार **102** बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए 15.92% से घटकर **14.90 %** हो गया.
- वार्षिक आधार पर **116** बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए शुद्ध एनपीए 5.09% से घटकर **3.93 %** हो गया.
- 30 जून, 2022 को पीसीआर पिछले साल की इसी तिमाही के 84.28% की तुलना में **233** बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए **86.61 %** हुआ.

## लाभप्रदता

- निवेश कूपन आय में ₹ 245 करोड़ की गिरावट के बावजूद, जून'22 के लिए शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) वार्षिक आधार पर ₹ 2127 करोड़ से बढ़कर **₹ 2142 करोड़ (0.71%)** हो गई है.
- तिमाही 1 – वित्त वर्ष'23 के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.83% से बढ़कर **2.88%** हो गया है, जो वार्षिक आधार पर **5** बीपीएस का सुधार दर्ज करता है.
- तिमाही के लिए परिचालन लाभ जून'21 के ₹ 1232 करोड़ से घटकर जून'22 में ₹ 1221 करोड़ हो गया है. पिछले वर्ष के आंकड़ों की तुलना में यह कमी ₹ 132.80 करोड़ निवेशों के पुनर्मुल्यन के लिए प्रावधान के कारण हुई.
- जून'22 को समाप्त तिमाही लागत आय अनुपात **58.92%** है, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 58.31% था.
- तिमाही 1 – वित्त वर्ष'23 के दौरान आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) 0.24% से बढ़कर **0.27% हो गया.**
- जून'22 के लिए वार्षिक आधार पर प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹ 16.00 करोड़ **(7.13%)** से बढ़कर **₹ 17.14** करोड़ हो गया है.

## डिजिटल बैंकिंग

- बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और आईएमपीएस लेनदेन में जून'22 को समाप्त 12 महीनों की अवधि के दौरान जून'21 को समाप्त इसी अवधि की तुलना में **32.58 %** की वृद्धि दर्ज की है.

## शाखा विभाजन

- जून'22 की स्थिति के अनुसार, ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में 65% (2934 शाखाओं) के साथ 4528 शाखाओं के नेटवर्क, 2999 एटीएम और 10644 बीसी पॉइंट्स के साथ कुल 18171 टच पॉइंट्स सहित बैंक की अखिल भारतीय उपस्थिति है.